कम उपस्थिति पर शिक्षकों का वेतन रुकेगा

पंचायत सचिव को किया निलंबित

मुरलीपुरा स्कूल में 296 में से केवल 76 विद्यार्थी मिले

नवभारत न्यूज

भिंड, 15 अक्टूबर। प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने गुरुवार को जनपद पंचायत अटेर क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय मुरलीपुरा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय ईंगुरी खोट (नरसिंहगढ़) तथा ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षा व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, पंचायत प्रशासन और नल-जल योजना के क्रियान्वयन में कई कमियां सामने आईं। इस पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। लापरवाही के मामलों में कार्रवाई के निर्देश भी जारी किए गए।

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ वीर सिंह चौहान ने सुबह 11:10 बजे शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय मुरलीपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में दर्ज 296 विद्यार्थियों के मुकाबले केवल 76 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए जिला परियोजना अधिकारी, जिला शिक्षा केंद्र भिण्ड को निर्देश दिए गए कि जब तक उपस्थिति में सुधार नहीं होता, तब तक सभी शिक्षकों का वेतन आहरण रोका जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में रिकॉर्ड संधारण और कक्षाओं की साफ-सफाई में भी कमियां पाई गईं। अप्रैल 2026 से अवकाश पर चल रही प्राथमिक शिक्षिका मनीषा कुशवाह के मामले की जांच करने के निर्देश भी दिए गए।

ईंगुरी खोट में 84 में से केवल 10 छात्र उपस्थित

इसके बाद दोपहर 12 बजे शासकीय माध्यमिक विद्यालय ईंगुरी खोट का निरीक्षण किया गया। यहां दर्ज 84 विद्यार्थियों में से मात्र 10 विद्यार्थी उपस्थित मिले। कम उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए यहां भी उपस्थिति में सुधार होने तक शिक्षकों का वेतन आहरण रोकने के निर्देश दिए गए। मध्यान्ह भोजन की जांच में मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिए जाने की अनियमितता सामने आई। इस पर जय लोडी माता स्व-सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन कार्य से हटाने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों की गलत उपस्थिति दर्ज किए जाने पर शाला प्रमुख को नोटिस जारी किया गया। वहीं बीआरसी, बीईओ और सीएसी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए।

लल्लूराम गुर्जर निलंबित

ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ के निरीक्षण के दौरान पंचायत का रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं मिला और सचिव अनुपस्थित पाए गए। पंचायत कार्यों में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए पंचायत सचिव लल्लूराम गुर्जर को निलंबित कर दिया गया।

आज गौ-हद धाम का होगा शिलान्यास

गोहद, 15 अक्टूबर। गोहद की ऐतिहासिक विरासत, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान को व्यापक स्तर पर प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ब्रजक्षेत्र गौ-हद धाम जनअभियान के अंतर्गत दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को गौ-हद धाम का शिलान्यास समारोह होगा, जबकि रविवार, 25 अक्टूबर को प्रथम गौ-हद धाम नगरकोट परिक्रमा यात्रा निकाली जाएगी। शिलान्यास समारोह दोपहर 12 बजे कालियाकांत मंदिर प्रांगण, गोहद में आयोजित होगा। इसमें दंदरौआ धाम के संत रामदास महाराज एवं खनेता धाम के संत रामभूषण महाराज के कर-कमलों से शिलान्यास संपन्न होगा। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य तथा कालियाकांत मंदिर के मुख्य पुजारी वीरेंद्र भटेले को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

25 को निकलेगी नगरकोट परिक्रमा: प्रथम गौ-हद धाम नगरकोट परिक्रमा यात्रा 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे श्री हठीले हनुमान जी मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा का समापन किला परिसर मैदान स्थित श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर पर होगा।

हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, पांच हजार का अर्थदंड

मेहगांव न्यायालय ने सुनाया फैसला, गोली मारकर युवक की हत्या करने के मामले में पाया दोषी

भिंड, 15 अक्टूबर। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश मेहगांव, जिला भिण्ड की अदालत ने हत्या के मामले में आरोपी कृष्णकांत उर्फ नंगा उर्फ नंगू राजौरिया को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक देवेश शुक्ला ने पैरवी की।

झगड़े के बाद गोली मारकर की थी हत्या

अभियोजन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 29 फरवरी 2024 की है। मृतक आसीन स्या और आरोपी कृष्णकांत उर्फ नंगू के बीच पार्टी के दौरान विवाद हुआ था। अगले दिन आसीन गाय चराने के लिए खेत पर गया था। दोपहर करीब 3:30 बजे मेहगांव रोड के पास कौहार पेड़ के समीप वह गाय चरा रहा था, तभी आरोपी अपने एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल से वहां पहुंचा। आरोप के अनुसार, पुराने विवाद को लेकर आरोपी ने आसीन पर जान से मारने की नीयत से तीन-चार गोलियां चलाईं। गोलियां आसीन के सिर और शरीर में लगीं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। घटना के बाद आरोपी अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से फरार हो गया।

अस्पताल में मृत घोषित किया

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। परिजन घायल आसीन को मेहगांव अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसे भिण्ड रेफर किया गया। भिण्ड अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई पप्पू स्या की सूचना पर थाना मेहगांव में अपराध क्रमांक 49/2024 के तहत धारा 302/34 भारतीय दंड संहिता में मामला दर्ज कर विवेचना की गई। जांच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अभियोजन की पैरवी से दोष सिद्ध: प्रकरण में साक्षियों के बयान और अभियोजन के तर्कों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी कृष्णकांत उर्फ नंगू को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक देवेश शुक्ला ने पैरवी की। अभियोजन कार्यवाही में आरक्षक राजवीर और अजय ओझा ने सहयोग किया।

एक नजर में

अभिभाषक संघ ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

लहार, 15 अक्टूबर। अभिभाषक संघ लहार के कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट हरसुख कुशवाह पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में वकीलों ने लहार एसडीओपी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। न्यायालय से घर लौटते समय कांक्सी तिराहा (रावतपुरा खुर्द मोड़) के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने एडवोकेट कुशवाह का रास्ता रोककर उन पर जानलेवा हमला किया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं,मामले में दबोह थाने में अपराध क्र. 131/2026 के तहत प्रकरण दर्ज है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बावजूद अब तक हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है,एडवोकेट कुशवाह ने हाल ही में दबोह के मौजा पटवारी और आलमपुर के प्रभारी नायब तहसीलदार द्वारा किए जा रहे कथित गैर-कानूनी व विधि-विरुद्ध आदेशों की शिकायत एसडीएम लहार, कलेक्टर भिण्ड और कमिश्नर चंबल संभाग से की थी।

किसानों ने मार्केटिंग सोसाइटी के सामने लगाया जाम

लहार, 15 अक्टूबर। क्षेत्र में खाद की भारी किल्लत से परेशान किसानों का गुस्सा एक बार फिर सड़कों पर फूट पड़ा। पर्याप्त मात्रा में खाद न मिलने से नाराज किसानों ने मार्केटिंग सोसाइटी कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया,सुबह से लंबी कतारों में लगने के बावजूद उन्हें जरूरत के अनुसार खाद नहीं मिल रही है, जिससे बुवाई प्रभावित हो रही है। सड़क पर चक्काजाम के कारण दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया,जाम की सूचना मिलते ही लहार थाना प्रभारी शिवसिंह यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और खाद वितरण की उचित व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया,थाना प्रभारी की समझाइश और आश्वासन के बाद किसानों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर मार्ग खोल दिया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

एसआरएफ फाउंडेशन ने शिक्षकों को दिया डिजिटल कौशल प्रशिक्षण

मालनपुर, 15 अक्टूबर। एसआरएफ फाउंडेशन, भिण्ड के रूरल एजुकेशन प्रोग्राम के तहत पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि गोहद में दो दिवसीय डिजिटल कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें चयनित 10 शासकीय विद्यालयों के 105 शिक्षकों को डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी विष्णु वर्मा ने गूगल स्टोरेज, व्हाट्सएप, गूगल ट्रांसलेटर व गूगल लेंस जैसे ऐप्स की जानकारी दी, वहीं प्रशिक्षक राकेश कुमार ने स्मार्ट बोर्ड का उपयोग, स्क्रीन कास्टिंग और वीएन एडिटर से वीडियो एडिटिंग सिखाई। खंड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज ने शिक्षकों से दैनिक शिक्षण में और डिजिटल संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। समापन पर प्राचार्य धर्मेन्द्र भारद्वाज ने शिक्षकों को अर्जित कौशल का उपयोग छात्र हित में करने के लिए प्रेरित किया।

शासकीय अस्पताल में फल वितरण

गोहद, 15 अक्टूबर। अब्दुल कलाम टीम गोहद के द्वारा भारत के महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के अवसर पर गोहद सरकारी हॉस्पिटल में फल वितरण किये गए। डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. धीरज गुप्ता, शहर काजी हसमत अली, रिजवान पठान, नासिर बल्लू खान उस्मान बंटी राइन, सोहिल मेवाती अजीम पठान, एडवोकेट वाहिद मंसूरी शाहरुख राईन आमिर बंटा राईन अफजल खान सुल्तान खान समीर मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

इम्पेनल के लिए फर्मों को प्रोत्साहित करने बैठक आज

श्योपुर, 15 अक्टूबर। ग्रामीण नलजल योजनाओं के अंतर्गत मरम्मत कार्यों रख-रखाव तथा स्त्रोत एवं पाइपलाइन विस्तार कार्यों के लिए संविदाकार, वेंडर्स तथा फर्मों को जनपद स्तर पर इम्पेनल किया जाना है। जनपद स्तर पर सूचीबद्ध होने के लिए फर्मों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 16 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे सीईओ जिला पंचायत एवं अध्यक्ष जिल वॉश तकनीकी समिति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई है। जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस बैठक में जनपद स्तर पर इम्पेनल होने के इच्छुक सभी संविदाकार, वेंडर्स तथा फर्मों से सम्मिलित होने का अनुरोध किया है।

आरक्षण के समर्थन में धरना-प्रदर्शन की तैयारी तेज

वीरांगना झलकारी बाई कोरी की जयंती पर निकलेगा चल समारोह

नवभारत न्यूज

भिंड, 15 अक्टूबर। आरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर 22 नवंबर को वीरांगना झलकारी बाई कोरी की जयंती के अवसर पर चल समारोह एवं विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में ओबीसी, एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक जागरूकता मंच के तत्वावधान में लहार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।सीकरी, बिजपुरा, मेहरा, चंदावली, हरपुरा, ढूंडा, सुजानपुरा, गिरवासा और बरहा सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में आरक्षण से जुड़े मुद्दों, सामाजिक न्याय, जातिगत जनगणना, पिछड़े एवं वंचित वर्गों के अधिकारों और शिक्षा तथा रोजगार में प्रतिनिधित्व जैसे विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को 22 नवंबर के प्रस्तावित चल समारोह एवं विशाल धरना-प्रदर्शन की जानकारी देकर जनभागीदारी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रमों में कार्यक्रम में मान सिंह कुशवाह, रणजीत गुर्जर, नंदराम बघेल, परजीत लोधी और सुनील कुशवाह व इंदल सिंह कुशवाहा सहित अन्य लोग शामिल रहे। वक्ताओं ने आरक्षण से जुड़े सवालों को सार्वजनिक मंच पर उठाने, विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जागरूकता बढ़ाने और अपने अधिकारों के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

आरक्षण के प्रति सामाजिक जागरूकता और एकजुटता जरूरी

रणजीत गुर्जर ने ओबीसी, एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक वर्गों के बीच सामाजिक एकजुटता, आरक्षण संबंधी संवैधानिक प्रावधानों की जानकारी और अधिकारों के प्रति जागरूकता को प्रमुख विषय रखा गया है।

वंचित वर्गों को शिक्षा रोजगार: नंदराम बघेल ने वंचित वर्गों को शिक्षा, सरकारी नौकरियों और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने का मुद्दा प्रमुखता से रखा गया है।

आरक्षण से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान की मांग- परजीत लोधी: परजीत लोधी ने मध्य प्रदेश में ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण और इससे संबंधित न्यायिक प्रक्रिया, लंबित मुद्दों तथा आरक्षण के लाभ से जुड़े सवालों को प्रमुख विषय बनाया गया है।

ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण मुद्दा नहीं,आने वाली पीढ़ी का भविष्य है: आरक्षण के मुद्दे पर मान सिंह कुशवाह ने कहा आरक्षण एक मुद्दा नहीं आने ओबीसी समाज के बच्चों का भविष्य है उनके भविष्य के लिए हमें भले ही अंतिम सांस तक लड़ना पड़े हमे लड़ेंगे और जीतेंगे,जिसके लिए हमे 22 नवंबर को भिंड आना है इसके साथ ही सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों की वास्तविक जनसंख्या के अनुरूप भागीदारी जैसे मुद्दों को भी चर्चा में शामिल किया गया है।

चल समारोह और धरना-प्रदर्शन की तैयारी-सुनील कुशवाह: सुनील कुशवाह ने 22 नवंबर को वीरांगना झलकारी बाई कोरी की जयंती पर प्रस्तावित चल समारोह एवं विशाल धरना-प्रदर्शन की तैयारियों को प्रमुखता दी गई है।

मेधावी छात्रा गुनगुन शाक्य बनीं एक दिन की जिला पंचायत अध्यक्ष

भिंड, 15 अक्टूबर। बेटियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और प्रशासनिक समझ विकसित करने के उद्देश्य से संचालित 'नवसंकल्प अभियान - 9 दिन, 9 बेटियाँ' के पंचम दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया की पहल पर मेधावी छात्रा कुमारी गुनगुन शाक्य को एक दिन के लिए जिला पंचायत भिण्ड के अध्यक्ष पद की प्रतीकात्मक जिम्मेदारी सौंपी गई। कुमारी गुनगुन शाक्य ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है।

प्रतीकात्मक जिम्मेदारी के दौरान कुमारी गुनगुन शाक्य ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से संवाद कर विभागीय कार्यप्रणाली, जनहित से जुड़े विषयों और शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन को समझा। अभियान के तहत कु. गुनगुन शाक्य ने भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर से वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद किया।

बेटियों को नेतृत्व के अवसर देना अभियान का उद्देश्य: जिला पंचायत अध्यक्ष कामना सिंह भदौरिया की यह पहल बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ नेतृत्व, निर्णय प्रक्रिया और प्रशासनिक व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में प्रयास है।

श्रीराम का संपूर्ण जीवन ही यज्ञ और भक्ति का प्रतीक : शंकराचार्य

भिंड, 15 अक्टूबर। भगवान श्रीराम का धर्म केवल यज्ञशाला और मंदिर तक सीमित नहीं है, बल्कि जनमानस की समस्याओं का समाधान करना, धर्म की रक्षा करना और मानवता के कल्याण के लिए कार्य करना भी भक्ति है। श्रीराम का संपूर्ण जीवन हमें समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। यह बात पूज्यपाद श्री काशीधर्मपीठाधीश्वर जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ महाराज ने अटेर क्षेत्र के परा ग्राम स्थित अमन आश्रम परिसर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीरामकथा ज्ञानयज्ञ में कही। महाराजश्री ने कहा कि भगवान श्रीराम ने महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा की और अहिल्या का उद्धार किया। उनके जीवन में धर्म, सेवा और लोककल्याण का समन्वय दिखाई देता है। इसलिए श्रीराम का जीवन आज भी अनुकरणीय है। मनुष्य को एकांगी न होकर व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज और मानवता के लिए कार्य करना चाहिए।

नाबालिग किशोरी लापता, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

लहार, 15 अक्टूबर। वार्ड 15, लहार निवासी फरियादिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 17 वर्ष 4 माह की पुत्री को 14 अक्टूबर की सुबह 10 से शाम 4:30 बजे के बीच कोई अज्ञात व्यक्ति घर से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने थाने पहुंचकर सूचना दी,पुलिस ने मामला दर्ज कर किशोरी की तलाश और अज्ञात आरोपी की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

मां-बेटी का अपहरण, बंधक बनाकर अज्ञात स्थान पर छिपाया

लहार, 15 अक्टूबर। वार्ड क्रमांक 10 स्थित मढयापुरा (बुद्धबिहार के पास) से एक महिला और उसकी मासूम बच्ची के संदिग्ध परिस्थितियों में अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है,पीड़ित ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी 32 वर्षीय पत्नी और 3 वर्षीय मासूम बेटी को बहला-फुसलाकर अथवा जबरन बंधक बनाकर किसी अज्ञात स्थान पर छुपाए हुए है। यह घटना बुधवार दोपहर करीब 3:30 बजे की बताई जा रही है।

सिविल कोर्ट में हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

नवभारत न्यूज

मेहगांव, 15 अक्टूबर। न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य सुधार के लिए दो दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन सिविल न्यायालय मेहगांव में किया गया। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री के.एस. बारिया के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित हुआ।

आयोजन के दौरान बैडमिंटन, चेस, कैरम, म्यूजिकल चेयर तथा रस्साकशी जैसी कई मनोरंजक व प्रतिस्पर्धात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके परिणाम इस प्रकार रहे-

बैडमिंटन प्रतियोगिता: विजेता: चेतन शुक्ला, उपविजेता: शिवम दीक्षित। **कैरम प्रतियोगिता:** विजेता: आशिक शाक्य, उपविजेता: आलोक श्रीवास्तव। **म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता:** न्यायिक अधिकारी वर्ग (विजेता): श्रीमती सृष्टि दुबे (न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी), कर्मचारी वर्ग (विजेता): कृष्णपाल रावत

रस्साकशी प्रतियोगिता: विजेता टीम: मनीष शिवहरे, शेर सिंह, अवनीश तोमर, विशाल सिंह, कौशल करौसिया, राजवीर सिंह एवं कमल सिंह। इस दो दिवसीय खेल उत्सव को सुचारू और सफल बनाने में माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार नामदेव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती स्वाति सिंह बघेल, दिलीप दुबे, श्रीमती सृष्टि दुबे एवं श्रीमती पूनम परिहार का विशेष योगदान एवं उत्कृष्ट प्रबंधन रहा।

अभियान सशक्त वाहिनी : बेटियों को पुलिस भर्ती परीक्षा की नि :शुल्क तैयारी

भिंड, 15 अक्टूबर। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अभियान सशक्त वाहिनी के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को पुलिस भर्ती सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की नि :शुल्क तैयारी कराई जा रही है। कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास महेंद्र सिंह अंब के निर्देशन में प्रशिक्षण कक्षाएं हाउसिंग कॉलोनी स्थित स्थानीय प्रशासन इंस्टीट्यूट में संचालित की जा रही हैं। बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना ने बताया कि अभियान सशक्त वाहिनी महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिला प्रशासन की विशेष पहल है। इसके तहत बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

न्यायालय के जर्जर भवन को लेकर अभिभाषक संघ ने उठाई आवाज

छत से गिर रहा प्लास्टर; अभिभाषकों, न्यायाधीशों और पक्षकारों की सुरक्षा पर मंडराया खतरा

बांके तिगुनायक

लहार, 15 अक्टूबर। न्यायालय के पुराने और जर्जर भवन को लेकर अभिभाषक संघ लहार ने चिंता जताते हुए नवीन न्यायालय भवन के निर्माण की मांग उठाई है। अभिभाषक संघ का कहना है कि वर्तमान न्यायालय भवन का निर्माण वर्ष 1930 में हुआ था। लगभग 96 वर्ष पुराने इस भवन की स्थिति अब बेहद खराब हो चुकी है। भवन की छतों से प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, जिससे कभी भी कोई अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में न्यायालय में प्रतिदिन आने वाले न्यायाधीशों, अभिभाषकों, न्यायालयीन कर्मचारियों और पक्षकारों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं

इस संबंध में अभिभाषक संघ लहार के अध्यक्ष विकास विरथरे एडवोकेट ने दिनांक 14 अक्टूबर 2026 को संबंधित अधिकारियों को आवेदन देकर नवीन न्यायालय भवन बनवाने की मांग की है। आवेदन में पुराने भवन की जर्जर स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि वर्तमान परिस्थितियों में यहां काम करना सुरक्षित नहीं है। भवन की मरम्मत के बजाय नवीन भवन

का निर्माण कराया जाना आवश्यक हो गया है, ताकि न्यायालयीन कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके और किसी भी संभावित हादसे से बचा जा सके

वर्ष 2022 में भी हुआ था प्रयास, फिर भी नवीन भवन का इंतजार

आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2022 में न्यायालय परिसर के विकास के लिए कुछ निर्माण कार्य कराए गए थे हालांकि, अभिभाषक संघ का मानना है कि वर्तमान पुराने भवन की स्थिति को देखते हुए केवल मरम्मत अथवा सीमित निर्माण कार्य पर्याप्त नहीं हैं न्यायालयीन कार्यों के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक नवीन भवन की आवश्यकता है।

8 अक्टूबर को साधारण सभा में पारित हुआ प्रस्ताव

नवीन न्यायालय भवन निर्माण की मांग को लेकर अभिभाषक संघ लहार की साधारण सभा में भी चर्चा की गई आवेदन के अनुसार, दिनांक 8 अक्टूबर को आयोजित साधारण सभा में नवीन न्यायालय भवन बनवाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद संघ की ओर से अधिकारियों को आवेदन देकर भवन निर्माण की मांग दोहराई गई

अभिभाषक संघ लहार के अध्यक्ष विकास विरथरे एडवोकेट ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि पुराने न्यायालय भवन की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए नवीन भवन निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए।

दूरसंचार सलाहकार समिति में सिद्धार्थ जैन को मिली जगह, सिंधिया का जताया आभार

क्षेत्र की दूरसंचार समस्याओं को उठाने की मिलेगी जिम्मेदारी

नवभारत न्यूज

भिंड, 15 अक्टूबर। भाजपा नेता सिद्धार्थ जैन को भारत सरकार के संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग की ग्वालियर संभागीय टेलीफोन सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। इस जिम्मेदारी के मिलने के बाद सिद्धार्थ जैन ने दिल्ली में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर उनका आभार जताया।

जनता की दूरसंचार समस्याओं को उठाने का मिलेगा मंच

सिद्धार्थ जैन ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में दूरसंचार सेवाओं से जुड़ी समस्याओं, नेटवर्क की दिक्कतों और उपभोक्ताओं की शिकायतों को समिति के सामने प्रभावी ढंग से रखा जाए, ताकि आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। टेलीफोन सलाहकार समिति के माध्यम से भारत संचार निगम लिमिटेड की सेवाओं और उनसे जुड़े विभिन्न विषयों पर सुझाव रखने का अवसर मिलता है। ऐसे में सिद्धार्थ जैन के मनोनयन को क्षेत्र में दूरसंचार सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को उचित मंच तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 को

श्योपुर, 15 अक्टूबर। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 19 अक्टूबर को अपरान्ह 02 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में रबी सिंचाईहेतु नहरों से जल प्रदाय सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जायेगी।